prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

## Indian Culture

Simplifying
**Government Exams**


SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
# INDIAN CULTURE

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________
(In words)

| J | 5 | 0 | 1 | 3 |
|---|---|---|---|---|

Time : $1\,{}^{1}/_{4}$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

## INDIAN CULTURE
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** That the Neolithic inhabitants of some place lived in pit dwellings is suggested by the archaeological excavations in
(A) Assam
(B) Kashmir
(C) Madhya Pradesh
(D) Maharashtra

**2.** Which of the following Aryan deities have been referred in the Boghazköi inscription ?
1. Indra
2. Mitra
3. Nasatya
4. Varuna
5. Yama

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**
(A) 1 and 2 only (B) 2 and 3 only
(C) 1, 4 and 5 (D) 1, 2, 3 and 4

**3.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| **List – I (Vedic Rivers)** | **List – II (Modern Names)** |
|---|---|
| a. Asikni | 1. Chenab |
| b. Kubha | 2. Kabul |
| c. Parushni | 3. Jhelam |
| d. Vitasta | 4. Ravi |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**4.** Which Samhita of the Yajurveda contains only hymns and no prose ?
(A) Vajasaneyi (B) Taittiriya
(C) Maitrayaniya (D) Katha

**5.** The officer responsible for the collection of taxes in the later vedic period was called
(A) Sangrahita (B) Baladhikrita
(C) Akshavapa (D) Bhagadudha

**6.** Who among the following is known as the author of Vedanga Jyotisha ?
(A) Aryabhatta (B) Brahmagupta
(C) Lagadha (D) Latadeva

**7.** That Gautama Buddha and Tirthankara Mahavira were contemporaries is known from
(A) Acharanga sutra
(B) Kalpasutra
(C) Lalita vistara
(D) Vinaya pitaka

**8.** Which of the following provides an epigraphic evidence of the birth place of Gautama Buddha ?
(A) Nigali sagar inscription of Asoka
(B) Rummindei inscription of Asoka
(C) Sarnath inscription of Kanishka
(D) Mathura inscription of Huvishka

**9.** In which of the following types of marriage payment of the bride price was a condition ?
(A) Arsha (B) Asura
(C) Daiva (D) Prajapatya

**10.** As a branch of learning Varta denotes :
(A) Debate
(B) Contemporary events
(C) Diplomacy
(D) Trade and Agriculture

**11.** Which one of the following has <u>not</u> been named among the seven limbs of State ?
(A) Duta (B) Janapada
(C) Kosha (D) Mitra



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# भारतीय संस्कृति

**प्रश्नपत्र – II**

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** कुछ स्थानों के नवपाषाण-संस्कृति के निवासी गर्त निवासों में रहते थे इसका संकेत कहाँ के पुरातात्त्विक उत्खननों से लगता है ?

(A) असम (B) कश्मीर
(C) मध्य प्रदेश (D) महाराष्ट्र

**2.** निम्नलिखित आर्य देवताओं में किनका बोगजकोई अभिलेख में उल्लेख हुआ है ?

1. इन्द्र
2. मित्र
3. नासत्य
4. वरुण
5. यम

नीचे के कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट** :

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2 और 3
(C) 1, 4 और 5
(D) 1, 2, 3 और 4

**3.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (वैदिक नदियाँ)** | **सूची – II (आधुनिक नाम)** |
|---|---|
| a. अस्किनी | 1. चिनाब |
| b. कुभा | 2. काबुल |
| c. परुष्नी | 3. झेलम |
| d. वितस्ता | 4. रावी |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**4.** यजुर्वेद की किस संहिता में केवल मंत्र हैं, गद्य नहीं ?

(A) वाजसनेयी (B) तैत्तिरीय
(C) मैत्रायणीय (D) कठ

**5.** उत्तर वैदिक काल में कर संग्रह करने वाले अधिकारी को कहा जाता था :

(A) संग्रहीता (B) बलाधिकृत
(C) अक्षवाप (D) भागदुध

**6.** निम्नलिखित में से कौन वेदांग ज्योतिष के लेखक के रूप में प्रसिद्ध है ?

(A) आर्यभट्ट (B) ब्रह्मगुप्त
(C) लगध (D) लाटदेव

**7.** गौतम बुद्ध और तीर्थंकर महावीर समकालिक थे इस बात की जानकारी कहाँ से होती है ?

(A) आचारांग सूत्र
(B) कल्पसूत्र
(C) ललित विस्तर
(D) विनय पिटक

**8.** निम्नलिखित में से कौन गौतम बुद्ध के जन्म स्थान के विषय में एक अभिलेखिक साक्ष्य है ?

(A) अशोक का निगली सागर अभिलेख
(B) अशोक का रुम्मिनदेई अभिलेख
(C) कनिष्क का सारनाथ अभिलेख
(D) हुविष्क का मथुरा अभिलेख

**9.** निम्नलिखित में से किस विवाह प्रकार में कन्या-मूल्य देने की शर्त होती थी ?

(A) आर्ष (B) आसुर
(C) दैव (D) प्राजापत्य

**10.** विद्या की एक शाखा के रूप में वार्ता का तात्पर्य है :

(A) वाद-विवाद
(B) समकालीन घटनाएँ
(C) कूटनीति
(D) कृषि एवं वाणिज्य

**11.** राज्य के सात अंगों में किसका नामोल्लेख नहीं है ?

(A) दूत (B) जनपद
(C) कोष (D) मित्र



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**12.** Which ancient Tamil text states that marriage as a sacrament was established in the Tamil country by the Aryans ?

(A) Valayapati
(B) Kundalakesi
(C) Tolakappiyam
(D) Manimekalai

**13.** Which of the following represent the ancient mint centres of the Yaudheyas ? Select the correct answer with the help of the codes given below :

1. Agroha
2. Bayana
3. Rohtaka
4. Sunet

**Codes :**

(A) 1 and 2 (B) 2 and 3
(C) 3 and 4 (D) 2, 3 and 4

**14.** Which of the following ports were situated on the eastern coast of South India ?

1. Kaveripattanam
2. Korkai
3. Musiri
4. Tondi

Choose the correct answer from the codes given below :

(A) 1 and 2 (B) 2 and 3
(C) 1 and 4 (D) 3 and 4

**15.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| List – I (Kings) | List – II (Queens) |
|---|---|
| a. Samudragupta | 1. Anantadevi |
| b. Chandragupta II | 2. Dattadevi |
| c. Kumaragupta I | 3. Dhruvadevi |
| d. Narasimhagupta | 4. Mitradevi |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**16.** Who among the following authors of inscriptions claims to have achieved the fame of Kalidasa ?

(A) Harisena
(B) Ravikirti
(C) Vasula
(D) Vatsabhatti

**17.** Kumaradevi who constructed Dharmachakra jina-vihara at Sarnath was a queen of

(A) Gupta King Chandragupta I
(B) Pushyabhuti King Harsha
(C) Pala King Mahipala
(D) Gahadavala King Govinda Chandra

**18.** Which astronomer has been severely criticised by Brahmagupta in his Brahmasiddhanta ?

(A) Aryabhatta
(B) Bhaskaracharya
(C) Varahamihira
(D) Paul of Alexandria

**19.** Who among the following was a Saiva teacher ?

(A) Bhutayogi
(B) Bhrantayogi
(C) Kulasekhara
(D) Sundaramurti

**20.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| List – I (Teachers) | List – II (Schools of Philosophy) |
|---|---|
| a. Isvarakrishna | 1. Madhyamika |
| b. Lakulisa | 2. Mimamsa |
| c. Nagarjuna | 3. Pasupata |
| d. Sabarasvamin | 4. Samkhya |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**12.** कौन सा प्राचीन तमिल ग्रन्थ यह कहता है कि तमिल देश में एक अनुष्ठान के रूप में विवाह की स्थापना आर्यों द्वारा की गई थी ?

(A) वलयपति
(B) कुण्डलकेशि
(C) तोलकाप्पियम
(D) मणिमेकलाइ

**13.** निम्नलिखित में से कौन यौधेयों के प्राचीन टकसाल-केन्द्र थे ? नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. अग्रोहा
2. बयाना
3. रोहतक
4. सुनेत

**कूट** :

(A) 1 और 2 (B) 2 और 3
(C) 3 और 4 (D) 2, 3 और 4

**14.** निम्नलिखित में से कौन से पत्तन दक्षिण भारत के पूर्वी तट पर स्थित थे ?

1. कावेरीपट्टनम
2. कोरकै
3. मुशिरि
4. तोंडी

नीचे के कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 1 एवं 2 (B) 2 एवं 3
(C) 1 एवं 4 (D) 3 एवं 4

**15.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (राजा)** | **सूची – II (रानियाँ)** |
|---|---|
| a. समुद्रगुप्त | 1. अनन्तदेवी |
| b. चन्द्रगुप्त II | 2. दत्तदेवी |
| c. कुमारगुप्त I | 3. ध्रुवदेवी |
| d. नरसिंहगुप्त | 4. मित्रदेवी |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**16.** अभिलेखों के निम्नलिखित लेखकों में से कौन कालिदास की कीर्ति प्राप्त करने का दावा करता है ?

(A) हरिषेण
(B) रविकीर्ति
(C) वासुल
(D) वत्सभट्टि

**17.** सारनाथ में धर्मचक्र जिनविहार का निर्माण करवाने वाली कुमारदेवी किसकी एक रानी थी ?

(A) गुप्त राजा चन्द्रगुप्त-I
(B) पुष्यभूति राजा हर्ष
(C) पाल राजा महीपाल
(D) गहड़वाल राजा गोविन्द चन्द्र

**18.** ब्रह्मगुप्त ने अपने ब्रह्मसिद्धान्त में किस खगोलशास्त्री की कटु आलोचना की है ?

(A) आर्यभट्ट
(B) भास्कराचार्य
(C) वराहमिहिर
(D) एलेक्जेण्ड्रिया का पाल

**19.** निम्नलिखित में से कौन एक शैव आचार्य थे ?

(A) भूतयोगी
(B) भ्रान्तयोगी
(C) कुलशेखर
(D) सुन्दरमूर्ति

**20.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (आचार्य)** | **सूची – II (दार्शनिक संप्रदाय)** |
|---|---|
| a. ईश्वरकृष्ण | 1. माध्यमिक |
| b. लकुलीश | 2. मीमांसा |
| c. नागार्जुन | 3. पाशुपत |
| d. शबरस्वामिन् | 4. सांख्य |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

21. The Dharmasastra writer Ballalasena was a ruler of
(A) Bengal
(B) Odisa
(C) Gujarat
(D) Malwa

22. Images of which of the following deities are represented wearing long boots ?
(A) Vishnu
(B) Siva
(C) Surya
(D) None of the above

23. The largest of the Pallava rathas is
(A) Dharmaraja
(B) Bhima
(C) Arjuna
(D) Nakula-Sahadeva

24. Who among the following was a lady Alwar ?
(A) Andal
(B) Madhura Kavi
(C) Perumal
(D) Tirupan

25. Which of the following provides the first epigraphic evidence of sati ?
(A) Andhau inscription of Rudradaman
(B) Naneghat inscription of Naganika
(C) Eran inscription of Samudragupta
(D) Eran inscription of Bhanugupta

26. The Valabhi era is identical with
(A) Vikrama era
(B) Saka era
(C) Gupta era
(D) Harsha era

27. Who among the following writers called himself 'Kalikala-Valmiki' ?
(A) Kalidasa
(B) Bhavabhuti
(C) Bharavi
(D) Sandhyakara Nandi

28. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :
**Assertion (A) :** Equalitarian religious reformers such as Ramanand, Basava and Kabir tried to abolish caste among their followers.
**Reason (R) :** Their sects soon took on the characteristics of new castes.
In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

29. Which one of the following is not correctly matched ?
(A) Chaturvarga chintamani - Hemadri
(B) Dayabhaga - Vijnanesvara
(C) Krityakalpataru - Lakshmidhara
(D) Viramitrodaya - Mitra Misra

30. Sutradhara Mandana famous for his works on architecture and iconography was attached to the court of
(A) Bhoja
(B) Kumarapala
(C) Rana Kumbha
(D) Krishnadevaraya

31. Hauzkhas in Delhi was built by
(A) Balban
(B) Ala-ud-din Khalji
(C) Ghyas-ud-din Tughlaq
(D) Firuz Tughlaq

32. A book popularly known Rehla throws immense light on Indian culture was written by
(A) Alberuni (B) Ibn batutta
(C) Amir Balkhi (D) Abdul Latif

33. Who expressed the view that Bhakti suited the feudal ideology perfectly ?
(A) D.D. Kosambi
(B) R.S. Sharma
(C) Irfan Habib
(D) Yusuf Hussain


Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**21.** धर्मशास्त्रकार बल्लालसेन कहाँ का राजा था ?
(A) बंगाल
(B) ओडिशा
(C) गुजरात
(D) मालवा

**22.** निम्नलिखित देवताओं में से किसकी मूर्तियों में उन्हें लम्बे जूते पहने दिखाया गया हैं ?
(A) विष्णु
(B) शिव
(C) सूर्य
(D) उपर्युक्त में कोई नहीं

**23.** सबसे बड़ा पल्लव रथ है
(A) धर्मराज
(B) भीम
(C) अर्जुन
(D) नकुल-सहदेव

**24.** निम्नलिखित में से कौन एक महिला आलवार थी ?
(A) आण्डाल
(B) मधुर कवि
(C) पेरुमाल
(D) तिरुपान

**25.** सती का प्रथम अभिलेखिक साक्ष्य निम्नलिखित में किसमें मिलता है ?
(A) रुद्रदामन् का अन्धऊ अभिलेख
(B) नागनिका का नाणेघाट अभिलेख
(C) समुद्रगुप्त का एरण अभिलेख
(D) भानुगुप्त का एरण अभिलेख

**26.** वलभी संवत् किससे अभिन्न है ?
(A) विक्रम संवत्
(B) शक संवत्
(C) गुप्त संवत्
(D) हर्ष संवत्

**27.** निम्नलिखित में से किस लेखक ने अपने को "कलिकाल-वाल्मीकि" कहा है ?
(A) कालिदास
(B) भवभूति
(C) भारवि
(D) संध्याकर नन्दी

**28.** नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं । एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :
**कथन (A)** : रामानन्द, बसव तथा कबीर जैसे समतावादी धार्मिक सुधारकों ने अपने अनुयाइयों के बीच जाति-प्रथा को समाप्त करने का प्रयास किया ।
**कारण (R)** : उनके सम्प्रदायों ने शीघ्र ही नई जातियों का रूप धारण कर लिया ।
उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?
**कूट** :
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (R) है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।
(C) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

**29.** निम्नलिखित में से कौन एक सुमेलित नहीं है ?
(A) चतुर्वर्गचिन्तामणि – हेमाद्रि
(B) दायभाग – विज्ञानेश्वर
(C) कृत्यकल्पतरु – लक्ष्मीधर
(D) वीरमित्रोदय – मित्र मिश्र

**30.** स्थापत्य एवं प्रतिमाशास्त्र सम्बन्धी अपने ग्रंथों के लिए प्रसिद्ध सूत्रधार मंडन किसकी राजसभा से जुड़े थे ?
(A) भोज (B) कुमारपाल
(C) राणा कुंभा (D) कृष्णदेवराय

**31.** दिल्ली में हौजखास का निर्माण किसने करवाया ?
(A) बलबन
(B) अलाउद्दीन खलजी
(C) गयासुद्दीन तुग़लक
(D) फिरोज तुग़लक

**32.** भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डालने वाली पुस्तक जो रेहला के नाम से जानी जाती है, निम्नलिखित में से किसने लिखी थी ?
(A) अलबरूनी (B) इब्न बतूता
(C) अमीर बल्खी (D) अब्दुल लतीफ

**33.** यह किसका मत है कि भक्ति सामंतवादी विचारधारा के पूर्णतया अनुकूल थी ?
(A) डी.डी. कोशाम्बी
(B) आर.एस. शर्मा
(C) इरफान हबीब
(D) यूसुफ हुसैन



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**34.** Which of the following statements is true ?

(A) Kabir does not see any contradiction in true devotion and family life.

(B) He favours gender equality in all spheres of life.

(C) He denounces the practice of sati.

(D) Kabir is opposed to open the path of liberation to women.

**35.** Which one is odd in the following ?

(A) Shaikh Moinuddin Chishti

(B) Bahauddin Zakaria

(C) Shaikh Qutubuddin Bakhtyar Kaki

(D) Shaikh Abul Fazl

**36.** Point out the name of the Mughal emperor and the source where it is recorded that after seeing the Ellora Art, he could not resist praising in the following words :

<u>'San 'sān haqīqī subhāna ast'</u>

(It is the truth of glorifying creator.)

(A) Emperor Akbar - Tarikh-i-Alfi

(B) Emperor Jahangir - Iqbalnama i-Jahangiri

(C) Emperor Shah Jahan - Shah Jahanama

(D) Emperor Aurangzeb - Karimat-i-tayyabat

**37.** Ragdarpana was translated into Persian during the reign of

(A) Firuz Tughlaq

(B) Akbar

(C) Shah Jahan

(D) Jahandar Shah

**38.** Which Bahmani ruler according to Ferishta was well versed in Persian, Arabic, Turkish, Telgu, Kannada and Marathi ?

(A) Firuz Shah Bahmani

(B) Ahmad Shah I

(C) Muhammad II

(D) Daud II

**39.** Which Mughal emperor is known for showing extra-ordinary interest in the miniature painting ?

(A) Humayun

(B) Akbar

(C) Jahangir

(D) Shah Jahan

**40.** Point out the pair of those five cities where Jantar Mantar was founded :

(A) Jaipur, Prayag, Ujjain, Banaras and Mathura

(B) Jaipur, Banaras, Delhi, Mathura and Ujjain

(C) Jaipur, Ayodhya, Delhi, Mathura and Ujjain

(D) Jaipur, Banaras, Pushkar, Delhi and Ujjain

**41.** Who gave the title of 'Raja' to Raja Ram Mohan Roy ?

(A) The followers and admirers of Raja Ram Mohan Roy

(B) The Intellectuals of Calcutta

(C) Akbar II

(D) Lord William Bentinck

**42.** The origins of Kathak dance form is traced to the court of

(A) the Mughals

(B) the Nawab of Awadh

(C) the Maharaja of Jaipur

(D) the Nizam of Hyderabad

**43.** Which of the following statement is <u>not</u> correct about the Theosophical Society ?

(A) It glorified the ancient Indian religious and philosophical traditions.

(B) It advocated universal brotherhood.

(C) The Hindu doctrines of Karma and transmigration of soul and the Buddhist doctrine of Nirvana were recognised.

(D) None of the above.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**34.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) कबीर सच्ची भक्ति एवं पारिवारिक जीवन में कोई विरोधाभास नहीं देखते ।

(B) वह जीवन के हर क्षेत्र में लैंगिक समानता के पक्ष में हैं ।

(C) वह सती प्रथा की निंदा करते हैं ।

(D) कबीर स्त्रियों के लिये मुक्ति का मार्ग खोलने के विरुद्ध हैं ।

**35.** निम्नलिखित में कौन सा विषम है ?

(A) शेख मोइनुद्दीन चिश्ती

(B) बहाउद्दीन ज़कारिया

(C) शेख कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी

(D) शेख अबुल फ़जल

**36.** उस मुगल बादशाह का नाम तथा उस स्रोत को भी बतलाइए जिसमें यह उल्लेख है कि एलोरा कला को देखने के पश्चात, बादशाह इन शब्दों में उसकी प्रशंसा करने से नहीं रुक सके :

'<u>सना सा-ए हकीकी सुभाना अस्त</u>'

(यह सृष्टिकर्ता के गौरव का सत्य है)

(A) अकबर बादशाह – तारीख-ए अल्फी

(B) जहाँगीर बादशाह – इकबालनामा-ए जहाँगीरी

(C) शाहजहाँ बादशाह – शाहजहाँ नामा

(D) औरंगजेब बादशाह – करीमात-ए तय्याबात

**37.** रागदर्पण का फारसी में अनुवाद किसके शासन काल में किया गया ?

(A) फिरोज तुगलक

(B) अकबर

(C) शाहजहाँ

(D) जहाँदारशाह

**38.** फरिश्ता के अनुसार कौन सा बह्मनी शासक फारसी, अरबीक, तुर्की, तेलुगू, कन्न्ड और मराठी में दक्ष था ?

(A) फिरोज़ शाह बह्मनी

(B) अहमद शाह I

(C) मोहम्मद II

(D) दाऊद II

**39.** किस मुगल सम्राट की लघुकृति चित्रकारी में असाधारण रुचि थी ?

(A) हुमायूँ

(B) अकबर

(C) जहाँगीर

(D) शाहजहाँ

**40.** निम्नलिखित में से उस पाँच नगरों के एक युग्म का चयन कीजिए जहाँ पर जन्तर-मन्तर स्थापित किये गए थे :

(A) जयपुर, प्रयाग, उज्जैन, बनारस और मथुरा

(B) जयपुर, बनारस, दिल्ली, मथुरा और उज्जैन

(C) जयपुर, अयोध्या, दिल्ली, मथुरा और उज्जैन

(D) जयपुर, बनारस, पुष्कर, दिल्ली और उज्जैन

**41.** राजा राममोहन राय को 'राजा' की उपाधि किसने दी ?

(A) राजा राममोहन राय के अनुयाइयों एवं प्रशंसकों ने ।

(B) कलकत्ता के बुद्धिजीवियों ने ।

(C) अकबर II ने ।

(D) लार्ड विलियम बेंटिंक ने ।

**42.** कत्थक नृत्य शैली का प्रारम्भ किस दरबार से हुआ माना जाता है ?

(A) मुगल

(B) अवध के नवाब

(C) जयपुर के महाराजा

(D) हैदराबाद के निजाम

**43.** थियोसोफिकल सोसाइटी सम्बन्धी निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही <u>नहीं</u> है ?

(A) इसने पुरातन भारतीय धार्मिक एवं दार्शनिक परम्पराओं को गौरवान्वित किया ।

(B) इसने विश्व बन्धुत्व को प्रचारित किया ।

(C) इस द्वारा कर्म और आत्मा के चोला बदलने के हिन्दू सिद्धान्तों और बौद्ध धर्म के निर्वाण सिद्धान्त को मान्यता दी गई ।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**44.** Arrange the following events in chronological order :

1. Non-cooperation Movement
2. Mountbatten Plan
3. Surat Split
4. Round-Table Conference

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**45.** Which of the following was made illegal by Act V of 1843 ?

(A) Sati custom
(B) Infanticide
(C) Slavery
(D) Child Marriage

**46.** Who among the following founded the S.N.D.T. Women's University, Bombay ?

(A) N.C. Kelkar
(B) D.K. Karve
(C) Durga Bhagwat
(D) Hari Narain Apte

**47.** Consider the following statements :

**Assertion (A) :** The age of consent bill was opposed by Bal Gangadhar Tilak.

**Reason (R) :** In his opinion the society should undertake the social reforms, instead of the State.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**48.** Match List-I (Author) with List-II (Work) and select the correct answer using the codes given below :

| **List – I (Author)** | **List – II (Work)** |
|---|---|
| a. Bankim Chandra | 1. Neel Darpan |
| b. Dinbandhu Mitra | 2. Devi Chaudhrani |
| c. Madhusudan Dutt | 3. Premashrama |
| d. Prem Chand | 4. Meghanad-vadh Kavya |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**49.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (Institution)** | **List – II (Person)** |
|---|---|
| a. Poona Seva Sadan | 1. G.K. Gokhale |
| b. Deccan Education Society | 2. Rama Bai |
| c. Theosophical Society | 3. H.S. Olcott |
| d. Servants of India Society | 4. N.M. Joshi |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**50.** In which session of the Indian National Congress the programme of Non-Co-operation was endorsed ?

(A) Lahore
(B) Kanpur
(C) Nagpur
(D) Bombay



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**44.** निम्नलिखित घटनाओं को काल क्रमानुसार रखिए :

1. असहयोग आन्दोलन
2. माउंट बैटन योजना (प्लान)
3. सूरत विभाजन
4. गोलमेज़ कांफ्रेंस

**कूट** :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**45.** वर्ष 1843 के अधिनियम V द्वारा निम्नलिखित में से किसे अवैध घोषित किया गया था ?

(A) सती प्रथा (B) शिशु-हत्या

(C) दास-प्रथा (D) बाल-विवाह

**46.** निम्नलिखित में से किसने एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय, बंबई की स्थापना की थी ?

(A) एन.सी. केलकर

(B) डी.के. कर्वे

(C) दुर्गा भागवत

(D) हरि नारायण आप्टे

**47.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

**अभिकथन (A) :** बाल गंगाधर तिलक ने सहमति आयु विधेयक का विरोध किया था ।

**तर्क (R) :** उनका विचार था कि समाज सुधार समाज द्वारा किया जाना चाहिए, राज्य द्वारा नहीं ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

**48.** सूची-I (लेखक) की मदों को सूची-II (कृति) की मदों से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (लेखक)** | **सूची – II (कृति)** |
|---|---|
| a. बंकिम चंद्र | 1. नील दर्पण |
| b. दीनबंधु मित्रा | 2. देवी चौधरानी |
| c. मधुसूदन दत्त | 3. प्रेमाश्रम |
| d. प्रेमचंद | 4. मेघनाद वध काव्य |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**49.** सूची-I की मदों को सूची-II की मदों से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (संस्था)** | **सूची – II (व्यक्ति)** |
|---|---|
| a. पूना सेवा सदन | 1. जी.के. गोखले |
| b. दक्खन शिक्षा सोसाइटी | 2. रमा बाई |
| c. थियोसोफिकल सोसाइटी | 3. एच.एस. ओल्कॉट |
| d. सर्वेंट ऑफ इंडिया सोसाइटी | 4. एन.एम. जोशी |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**50.** इंडियन नेशनल कांग्रेस के किस अधिवेशन में असहयोग कार्यक्रम का अनुमोदन हुआ ?

(A) लाहौर

(B) कानपुर

(C) नागपुर

(D) बम्बई



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in